हमसफ़र मेरा श्याम | By Bantu Bhaiya

तूने खूब दिया बाबा ना औकात हमारी है
आंसू ही थे जीवन में अब खुशियों की बारी है

जय श्री श्याम बोलो जय श्री श्याम.....

ना कोई हमारा था जीवन अँधियारा था
पकड़ा था ना हाथ मेरा सबने धुतकारा था
सबने धुतकारा था.....
तूने अपना बनाकर के ये बगिया सँवारी है
तूने खूब दिया बाबा ना औकात हमारी है

जीवन की हर उलझन तूने सुलझाई है
मैंने जब तेरा नाम लिया तूने की सुनवाई है
तूने की सुनवाई है .....
मेरे दिल पे श्याम लिखा हर स्वांस तुम्हारी है
तूने खूब दिया बाबा ना औकात हमारी है

ये मेरी हकीकत है मुझे मिलता तुम्ही से है
सरल का ये जीवन अब तुमको समर्पित है
अब तुमको समर्पित है .....
कर आज तू ये वादा प्रीत जन्मो निभानी है
तूने खूब दिया बाबा ना औकात हमारी है

जय श्री श्याम बोलो जय श्री श्याम.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a4%b8%e0%a4%ab%e0%a4%bc%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-bantu-bhaiya/